# कार्यालय मुख्य अभियन्ता(हाइडिल)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार
14—अशोक मार्ग, लखनऊ।

दूरभाष 0522—2288656 फैक्स 0522—2288655 E-Mail-cehydelpcl@gmail.com


संख्याः—1434 —अ—7 / मु0अ0(हा0) / 2021 दि0: 28.12.2021

**विषय—तकनीशियन (टी0जी0—2) से अवर अभियन्ता के पद पर चयन हेतु विचारित कार्मिकों के सेवा अभिलेख एवं शैक्षिक योग्यता / तकनीकी अर्हता सम्बन्धी विवरण / साक्ष्य उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

ई—मेल

**प्रबन्ध निदेशक,**
**पूर्वांचल / मध्यांचल / दक्षिणांचल / पश्चिमांचल / केस्को**
**विद्युत वितरण निगम लि0,**
**वाराणसी / लखनऊ / आगरा / मेरठ / कानपुर।**

**प्रबन्ध निदेशक,**
**उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,**
**शक्ति भवन, लखनऊ।**

**महोदय,**

कृपया अवगत कराना है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या—1392—अ—7 / मु0अ0(हा0) / 2021 दि0 10.12.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से 40 प्रतिशत एवं 8.33 प्रतिशत के अन्तर्गत तकनीशियन (टी0जी0—2) से अवर अभियन्ता(वि0एवं यां0)(सा0श्रे0) के पद पर प्रोन्नति हेतु चयन की कार्यवाही सम्पन्न किये जाने हेतु संलग्न सूची में तकनीशियन(टी0जी0—2) के अप्राप्त आवेदन पत्र प्रारूप के अनुसार पूर्ण करवाते हुए उनके नाम के सम्मुख अंकित स्तम्भ—6 में उल्लिखित टिप्पणी के सन्दर्भ में डिस्काम स्तर पर समुचित कार्यवाही करते हुए संकलित सूचना विशेष पत्र वाहक के माध्यम से दिनांक 18.12.2021 तक इस कार्यालय को अवश्यमेव रूप से उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया था।

उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 28.12.2021 तक तकनीशियन (टी0जी0—2) कार्मिकों के सम्बन्धित डिस्काम / ट्रान्सकों द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों में 40 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत वांछित 446 के विरूद्ध मात्र 80 एवं 8.33 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत वांछित 132 के विरूद्ध 120 आवेदन पत्र / अभिलेख इस कार्यालय में प्राप्त हुए है, जिसकी मात्रा अत्यन्त अल्प एवं अद्यतन प्रतीक्षित है।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में पुनः अनुरोध है कि इस कार्यालय के उक्त पत्र दिनांक 10.12.2021 के साथ संलग्न सूची के अन्तर्गत तकनीशिन(टी0जी0—2) के अप्राप्त आवेदन पत्र प्रारूप के अनुसार पूर्ण करवाते हुए संकलित सूचना विशेष पत्र वाहक के माध्यम से दिनांक 04.01.2022 तक इस कार्यालय को अवश्यमेव रूप से प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित को कृपया अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि ससमय चयन सम्बन्धी अग्रेतर कार्यवाही सम्पन्न की जा सके।

**नोटः—समस्त प्रपत्र संबंधित अधिशासी अभियन्ता / नियंत्रक अधिकारी द्वारा सत्यापित होना अनिवार्य है।**

भवदीय,

(जे0पी0एस0गंगवार)
मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)

**सं0— 1434 —अनु0—7 / तद्दिनांक 28.12.2021**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—**

1. निदेशक(का0प्र0 एवं प्रशा0), पूर्वांचल / मध्यांचल / दक्षिणांचल / पश्चिमांचल / केस्को, ट्रांस्को।
2. वैयक्तिक सहायक (षष्ठम्), कार्यालय मुख्य अभियन्ता(हाइडिल), शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. अधिशासी अभियन्ता—वेब, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन को इस आशय से प्रेषित कि पत्र को कारपारेशन की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(जे0पी0एस0गंगवार)
मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)